# 9 NOUN

CHAPTER

'किसी **व्यक्ति, वस्तु, स्थान, गुण, कार्य या अवस्था के नाम को Noun (संज्ञा)** कहा जाता है।'

A **noun** is a **wor**d used as **a name of a person, place or thing.**

**Noun पाँच प्रकार के होते हैं:**

1. **Proper Noun** (व्यक्तिवाचक)
2. **Common Noun** (जातिवाचक)
3. **Collective Noun** (समूहवाचक)
4. **Material Noun** (द्रव्यवाचक)
5. **Abstract Noun** (भाववाचक)

## (1) PROPER NOUN

➢ **Proper noun** से हमारा तात्पर्य किसी **व्यक्ति, वस्तु तथा स्थान के नाम** से होता है।

जैसे: Ram, Delhi, Gita etc.

**(a)** **Ram** is my friend.

**(b)** I live in **Delhi.**

## (2) COMMON NOUN

➢ जिस Noun (संज्ञा) से एक **वर्ग** अथवा **जाति** के व्यक्ति या वस्तु का बोध हो, उसे **Common Noun (जातिवाचक संज्ञा)** कहते हैं। जैसे- King, boy, girl, city etc.

**(a)** According to the **boy,** the nearest **town** is very far.

**(b)** The **boys** are going to the nearest **village.**

## (3) COLLECTIVE NOUN

➢ जिस Noun (संज्ञा) से **समूह** का बोध हो, उसे **Collective Noun (समूहवाचक संज्ञा)** कहते हैं। जैसे: Team, Committee, Army etc.

सामान्यत: **Collective Noun** का प्रयोग **Singular** में होता है। इनका प्रयोग **Plural** में तभी किया जाता है जब **मतभेद** दर्शाया जाए या फिर **प्रत्येक सदस्य** के बारे में कुछ कहा जाए।

**(a)** The **flock** of geese **spends** (s.v.) most of its time in the pasture.

**(b)** The **jury** **is** (s.v.) deciding the matter.

**(c)** The **committee** **meets** (s.v.) every week.

**(d)** The **team** **are** (P.V.) divided over the issue of captainship. (मतभेद)

**(e)** The **audience** **have** (P.V.) taken **their** (P.P.) seats. (प्रत्येक व्यक्ति)

**(4) MATERIAL NOUN**

➢ जिस Noun (संज्ञा) से ऐसे **पदार्थ** का बोध हो जिससे दूसरी वस्तुएं बन सकें, उसे **Material Noun ( पदार्थवाचक संज्ञा )** कहते हैं।

जैसे: Silver, iron, wood etc.
(a) The necklace is made of **gold.**
(b) She has purchased a tea set of **silver.**
(c) He got his furniture made of teak **wood.**

➢ *Material Nouns,* ***Countable*** नहीं होते हैं अर्थात् इनकी गिनती नहीं की जा सकती है। इन्हें मापा या तौला जा सकता है। इनके साथ सामान्यत: ***Singular verb*** का प्रयोग किया जाता है एवं इनके पहले ***Article*** का प्रयोग नहीं किया जाता है।

**(5) ABSTRACT NOUN**

➢ *Abstract Noun,* ऐसे **गुण, भाव, क्रिया एवं अवस्था** को व्यक्त करता है जिन्हें **छूआ नहीं** जा सकता है, देखा नहीं जा सकता है, बल्कि **केवल महसूस** किया जा कसता है।

जैसे: Honesty, bravery (quality), hatred, laughter (action), poverty, youth (state).

➢ ***Abstract Noun*** का प्रयोग सामान्यत: ***Singular*** में किया जाता है।

जैसे: **(a)** People respect his **sincerity.**
**(b)** **Honesty** is the best policy.

➢ **Noun** को **(A) Countable एवं (B) Uncountable में भी बाँटा जा सकता है।**

**(A) Countable Nouns**

➢ **Countable Noun** वह **Noun** होता है, जिसकी **गणना की जा सके**।

जैसे: **(a)** We bought **six** tables.
**(b)** I have a **few** friends.
**(c)** She saw **many** movies last month.

**(B) NON-COUNTABLE NOUNS**

➢ **Uncountable Noun** वह **Noun** होता है, जिसकी **गणना न की जा सके**।

जैसे: (a) J. Priestly discovered **oxygen.**
(b) They decided to sell the **furniture.**
(c) Much **money** was wasted on the show.

| | **Countable Noun** | **Uncountable Noun** |
|---|---|---|
| **Eg:-** | **Stars, Seconds, Rupees etc.** | **Money, time, knowledge etc.** |
| **Verb-** | **Singular with Singular Noun    Plural with Plural Noun** | **Singular Verb** |
| **Adjective-** | **Many, few, a number of, the number of.** | **Much, little, quantity of** |
| **Article -** | **A/An/ the can be used.** | **only 'the' can be used** |

## IMPORTANT POINTS

**RULE 1**

➢ कुछ **Nouns** का **प्रयोग हमेशा Plural form** में ही होता है। इन Nouns के **अन्त में लगे s को हटाकर, इन्हें Singular नहीं बनाया जा सकता** है। ये दिखने में भी Plural लगते हैं, एवं इनका **प्रयोग भी Plural की तरह** होता है। ऐसे Nouns निम्न हैं:

**Scissors, tongs (चिमटा), pliers, pincers, bellows (फूँकनी), trousers, pants, pajamas, shorts, gallows (फाँसी का फंदा), fangs (डंक), spectacles, goggles,binoculars (दूरबीन), eyeglasses, Alms (दान), amends (संशोधन), archives (ऐतहासिक दस्तावेज), arrears, auspices, congratulations, embers (राख), fireworks, lodgings, outskirts, particulars, proceeds, regards, riches, remains, savings, shambles, surroundings, tidings, troops, tactics, thanks, valuables, wages,belongings etc.**

जैसे: (a) Where are my **pants**?
(b) Where are the **tongs**?
(c) The **proceeds** were deposited in the bank.
(d) All his **assets** were seized.
(e) **Alms** are given to the beggars.
(f) The **embers** of the fire were still burning.

नोट: 'Wages' का प्रयोग **singular एवं plural दोनो forms में** किया जा सकता है। निम्नलिखित वाक्यों को देखें-

| | अर्थ | Form | Example |
|---|---|---|---|
| **Wages** | मजदूरी | Plural | Wages **are** (P.v) paid in cash. |
| | परिणाम | Singular | Wages of hard work **is** (S.v) sweet. |

**RULE 2**

➢ कुछ **Nouns दिखने में Plural** लगते हैं लेकिन अर्थ में **Singular** होते है। इनका **प्रयोग** हमेशा **Singular** में ही होता है। जैसे: **News, Innings, Politics, Summons, Physics, Economics, Ethics, Mathematics, Mumps, Measles, Rickets,Shingles, Billiards, Athletics** etc.

जैसे: (a) No **news** is good news.
(b) **Politics** is a dirty game.
(c) **Economics** is an interesting subject.
(d) **Ethics** demands honesty.

**RULE 3**

➢ कुछ **Nouns दिखने में Singular** लगते हैं, लेकिन इनका प्रयोग हमेशा **Plural** में होता है। जैसे: **cattle, cavalry, infantry, poultry, peasantry, children, gentry, police, people,** etc. इनके साथ कभी भी 's' नहीं लगाया जाता, जैसे: cattles, childrens लिखना गलत है।

जैसे: (a) **Cattle** are grazing in the field.

(b) Our **infantry** have marched forward.

(c) **Police** have arrested the thieves.

*नोटः* **'People'** का अर्थ है **'लोग'**। **'Peoples'** का अर्थ है **'विभिन्न मूलवंश ( different races ) के लोग'**।

**RULE 4**

➢ कुछ **Nouns** का **प्रयोग**, **केवल Singular form** में ही किया जाता है। ये Uncountable Nouns हैं। इनके साथ Article A/An का प्रयोग भी नहीं किया जाता है। जैसे:

**Scenery, Poetry, Furniture, Advice, Information, Hair, Business, Mischief, Bread, Stationery, Crockery, Luggage, Baggage, Postage, Knowledge, Wastage, Jewellery, Breakage, Equipment,Work (Works** का अर्थ है साहित्य लेख **), Evidence, Word** (जब **'word'** का अर्थ वाद, संदेश या परिचर्चा हो), **Fuel,** एवं **Cost.**

जैसे: (a) The **scenery** of Kashmir is very charming.

(b) I have no **information** about her residence.

(c) The **mischief** committed by him is unpardonable.

(d) His **hair** is black.

(e) I have bought some **equipment** that I needed for the project.

*(i)* इन *Nouns* का बहुवचन नहीं बनाया जा सकता। जैसे: *Sceneries, informations, furnitures, hairs* इत्यादि लिखना गलत है।

*(ii)* यदि उक्त *Noun* का ***Singular* या *Plural* दोनों *forms* में आवश्यकता हो** तो, इनके साथ **कुछ शब्द जोड़े** जाते हैं।

***नीचे दिए गये उदाहरण देखें:***

(a) He gave me **a piece of** information.

(b) **All pieces of** information given by her were reliable.

(c) **Many kinds of** furniture are available in that shop.

(d) I want **a few articles of** jewellery.

(e) He ate **two slices of** bread.

(f) Please show me **some items of** office stationery.

(g) The Police have found **a strand of** hair in the car.

नोट: **Money** का plural form '**Monies**' हो सकता है जिसका अर्थ निकलता है **'sums of money'**.

जैसे: Monies have been collected and handed to the women's welfare society.

**RULE 5**

➢ कुछ Nouns, **Plural एवं Singular दोनों में एक ही रूप में** रहते हैं। जैसे: **deer,sheep, series , species, fish, crew, team, jury, aircraft, counsel** etc.

जैसे: (a) Our team **is** the best.

(b) Our team **are** trying their new uniform.

(c) There **are** two fish in the pond.

(d) There **are** many fishes in the aquarium.('Fishes' का अर्थ है विभिन्न प्रजातियों के fish)

**RULE 6**

➢ **Hyphenated noun** का प्रयोग कभी भी **plural form** में **नहीं** होता।

जैसे: (a) He gave me two hundred-rupees notes. (rupees को rupee में परिवर्तित करें)

(b) He stays in five- stars hotels. (stars को star में परिवर्तित करें)

**RULE 7**

➢ कुछ nouns का प्रयोग लोग बोल-चाल की भाषा में करते है लेकिन वास्तव में उनका **प्रयोग** करना बिलकुल **गलत** होता है।

| उदाहरण: | गलत प्रयोग | सही प्रयोग |
|---|---|---|
| 1. | **Cousin brother** ***or*** **Cousin sister** | **Cousin** |
| 2. | **Pickpocketer** | **Pickpocket** |
| 3. | **Good name** | **Name** |
| 4. | **Big/small blunder** | **Blunder (Blunder का अर्थ होता है बड़ी भूल। अत: big का प्रयोग गलत है।** |
| 5. | **Strong breeze** | **Strong wind (Breeze हमेशा light एवं gentle होता है )** |
| 6. | **Bad dream** | **Nightmare** |

➢ **निम्नलिखित nouns में भी हमें confusion रहता है -**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **Floor**<br>फर्श | **Ground**<br>जमीन |
| 2. | **Skill**<br>सीख कर प्राप्त करते है | **Talent**<br>Inborn(जन्म से होता है) |
| 3. | **Envy**<br>ईर्ष्या जो दूसरो के चीज़ो का देख कर हो | **Jealously**<br>ईर्ष्या जो अपनी चीज़ो के खोने के डर से हो |

**RULE 8**

➢ कुछ **Nouns** जो **अर्थ में तो Plural** होते हैं लेकिन यदि इनके **पूर्व किसी निश्चित संख्यात्मक विशेषण (Definite numeral adjective)** का प्रयोग किया जाता है तो इन **Noun को Pluralise नहीं** किया जाता है। जैसे : **Pair, score, gross, stone, hundred, dozen, thousand, million, billion,** etc.

जैसे: (a) I have two **pairs** of shoes.

(b) I have **two hundred** rupees only.

(c) She purchased **three dozen** pencils.

(d) He has already donated **five thousand** rupees.

➢ लेकिन यदि इनके साथ **Indefinite countable** का प्रयोग हो तो इन्हें **Pluralise** किया जाता है।

जैसे: d**ozens of women, hundreds of people, millions of dollars, scores of shops, many pairs of shoes** etc.

जैसे: (a) **Hundreds of people** came to see the fair.

(b) He donated **millions of rupees**.

**RULE 9**

➢ यदि किसी **Noun के बाद Preposition** का प्रयोग हो और फिर वहीं **'Noun' repeat** हो तो वह **'Noun' Singular form** में होना चाहिए। जैसे:

जैसे: (a) **Town after town** was devastated.

(b) **Row upon row** of marble looks beautiful.

(c) He enquired from **door to door**.

(d) **Ship after ship** is arriving.

- इस तरह के वाक्यों में Towns after towns, Rows upon rows, doors to doors या ships after ships लिखना गलत है।

## RULE 10

- Common Gender Nouns जैसे: **Teacher, student, child, clerk, advocate, worker, writer, leader, musician** etc. ऐसे nouns हैं जिनका प्रयोग **male एवं female** दोनों के लिए किया जाता है। इन्हें **Dual Gender** भी कहा जाता है। जब इस तरह के Noun का प्रयोग Singular में किया जाता है तो **सामान्यत: he/his/him** का प्रयोग किया जाता है। जैसे:
  (1) Every **leader** should perform **his** duty.
  (2) A **teacher** should perform **his** duty sincerely.

**यहाँ विवाद का विषय यह है कि हम Masculine Gender (He/His etc.) का ही प्रयोग क्यों करें?**

- इस सम्बन्ध में यदि matter legal हो तो his या her जो भी आवश्यक हो उसे स्पष्ट कर देना चाहिये।

## WORDS DENOTING GROUPS

1. A band of musicians.
2. A **board** of directors, etc.
3. A **bevy** of girls, women, officers etc.
4. A **bunch** of grapes, keys, etc.
5. A **bundle** of sticks and hay.
6. A **caravan** of Merchants, pilgrims, travellers.
7. A **chain/range** of mountains or hills.
8. A **choir** of singers.
9. A **class** of students.
10. A **retinue** of servants/ attendants.
11. A **clump/grove** of trees.
12. A **code** of laws.
13. A **cluster / constellation/ galaxy** of stars.
14. A **company/regiment/army** of soldiers.
15. A **convoy** of ships, cars etc.moving under an escort.
16. A **course** or **series** of lectures.
17. A **crew** of sailors.
18. A **crowd/mob** of people.
19. A **curriculum** of studies.
20. A **flight** of steps, stairs.
21. A **fleet** of ships or motorcars.
22. A **flock** of geese, sheep and birds.
23. A **gang** of robbers, labourers.
24. A **garland/bunch/bouquet** of flowers.
25. A **heap** of ruins, sand, stones.
26. A **herd** of cattle.
27. A **litter** of puppies.
28. A **pack** of hounds, cards.
29. A **pair** of shoes, scissors, compasses, trousers.
30. A **series** of events.
31. A **sheaf** of corn, arrows.
32. A **swarm** of ants, bees or flies.
33. A **train** of carriages, followers etc.
34. A **troop** of horses (cavalry) scouts; etc.
35. A **volley** of shots, bullets
36. A **forum** of people (discussing issues)
37. A **congregation** of people (discussing religious issues)

## NOUN-GENDER

**Gender को चार भागों में विभाजित किया गया है:**

**(1)** **Masculine Gender ( पुल्लिग ):** ऐसे Noun जो **male sex** को व्यक्त करते हैं, **Masculine Gender** कहलाते हैं। जैसे: **Tiger, Power, Violence, Father, Sun, Summer, Time, Thunder** etc.

**(2)** **Feminine Gender ( स्त्रीलिंग ):** ऐसे Noun जो **Female sex** को व्यक्त करते हैं, **Feminine Gender** कहलाते हैं। ऐसे: **Tigress, Woman, Lioness, Mother, Sister, Peace, Nature, Earth, Goddess** etc.

**(3)** **Common Gender ( उभय लिंग )** ऐसे Noun जो स्त्री एवं पुरुष दोनों के लिए प्रयुक्त होते हैं, **Common Gender** कहलाते हैं। जैसे: **Child, Baby, Teacher, Servant, Student, Cousin, Infant, Thief, Neighbour** etc.

**(4)** **Neuter Gender ( नपुंसक लिंग ):** ऐसे Noun जो उन **निर्जीव वस्तुओं** को व्यक्त करते हैं जो न male हैं और **न ही female हैं, Neuter Gender** कहलाते हैं। जैसे: **Copy, Book, Room, Paper, T.V., Box,** etc.

# RULES FOR CHANGING MASCULINE NOUN TO FEMININE NOUN

## RULE 1

➢ कुछ cases में Masculine Noun के बाद **'ess'** लगाने से Feminine Noun बनाया जा सकता है। जैसे:

| Masculine | Feminine |
|---|---|
| Author (लेखक) | Authoress |
| Host (मेजबान) | Hostess |
| Jew | Jewess |
| Mayor | Mayoress |
| Poet (कवि) | Poetess |
| Tutor | Tutoress |
| Shepherd(गड़ेड़िया) | Shepherdess |
| Giant (दानव) | Giantess |
| Heir (उत्तराधिकारी) | Heiress |
| Lion | Lioness |
| Priest(पुजारी) | Priestess |
| Tailor (दर्जी) | Tailoress |

## RULE 2

➢ कुछ cases में Masculine Noun के **अन्तिम vowel एवं उसके पहले आने वाले consonant को हटाकर 'ess'** जोड़ने से भी Feminine Noun बन जाता है। जैसे:

| Masculine | Feminine |
|---|---|
| Actor | Actress |
| Benefactor(उपकार करने वाला) | Benefactress |
| Hunter (शिकारी) | Huntress |
| Prince (राजकुमार) | Princess |
| Waiter | Waitress |
| Ambassador | Ambassadress |
| Director | Directress |
| Negro | Negress |
| Tiger | Tigress |

## RULE 3

➢ कुछ cases में Masculine Noun के **शब्दों में कुछ change किया जाता है एवं अन्त में 'ess'** लगाने पर भी Feminine Noun बन जाता है। जैसे:

| Masculine | Feminine |
|---|---|
| Emperor(राजा) | Empress |
| Governor | Governess |
| Duke | Duchess |
| God | Goddess |
| Master | Mistress |
| Sorcerer (जादूगर) | Sorceress |

## RULE 4

➢ कुछ cases में Compound Masculine Noun के **first अथवा second शब्द में कुछ परिवर्तन** किये जाता है। जैसे:

| Masculine | Feminine |
|---|---|
| Man-servant | Maid - servant |
| Washerman | Washerwoman |
| Buck-rabbit | Doe-Rabbit |
| Brother-in law | Sister-in-law |
| He-bear | She-bear |
| Bull-calf | Cow-calf |
| Jack-ass | Jenny-ass |
| Headmaster | Headmistress |
| Milkman | Milkmaid |
| Postmaster | Postmistress |
| Peacock | Peahen |
| Landlord | Landlady |
| Father-in-law | Mother-in-law |
| Step-Father | Step-Mother |
| He-goat | She-goat |
| Cock-sparrow | Hen-sparrow |
| Dog-wolf | Bitch-wolf |
| Stepbrother | Stepsister |
| Grandson | Granddaughter |

## RULE 5

➢ Foreign words एवं अन्य विविध शब्दों के Masculine एवं Feminine gender नीचे दिये गये हैं। **इनको किसी विशेष नियम के तहत परिवर्तित नहीं करते हैं** As:

| Masculine | Feminine |
|---|---|
| Administrator | Administratrix |
| Executor (कार्यान्वित करने वाला) | Executrix |
| Lad(लड़का) | Lass |

| | | | |
|---|---|---|---|
| Prosecutor | Proscutrix | Czar | Czarina |
| Sultan | Sultana | Hero | Heroine |
| Boar (बनैला सूअर) | Sow | Testator(वसीयतकर्ता) | Testatrix |
| Brother | Sister | Bachelor | Maid |
| Colt(बछड़ा) | Filly | Boy | Girl |
| Dog | Bitch | Cock | Hen |
| Buck (मृग) | Doe | Drake (बत्तक) | Duck |
| Earl | Countess | Drone (नर मक्खी) | Bee |
| Monk | Nun | Bull | Cow |
| Gander(हंस) | Goose | Father | Mother |
| Hart (हिरण) | Roe | Bridegroom | Bride |
| Horse | Mare | Gentleman | Lady |
| King | Queen | He | She |
| Man | Woman | Husband | Wife |
| Mr. | Miss | Lord | Lady |
| Sheep | Ewe | Male | Female |
| Son | Daughter | Nephew (भतीजा) | Niece |
| Uncle | Aunt | Sir | Madam/ Dame |
| Fox | Vixen | Widower (विद्युर) | Widow |
| Ox | Cow | Wizard (जादूगर) | Witch |

## NOUN-NUMBER (SINGULAR-PLURAL)

**Singular Noun:** इससे **एक व्यक्ति, एक स्थान या एक वस्तु** का बोध होता है। जैसे: Boy, Girl, Table.

**Plural Noun:** इससे **एक से अधिक व्यक्ति, स्थान या वस्तुओं** का बोध होता है जैसे: Cities, Boys, Girls.

### Changing Singular to Plural: Some Rules

**RULE 1**

➢ कुछ Noun के अन्त में **'s'** लगाने से वह Plural बन जाता है। जैसे: Boy, Girl, Kite, Telephone etc.

**RULE 2**

➢ जिन Noun के अन्त में **s, ss, ch, sh, z या x** आता है उनका Plural बनाने के लिए अन्त में **es** जोड़ दिया जाता है। जैसे:

| Singular | Plural | Singular | Plural |
|---|---|---|---|
| Bus | Buses | Fox | Foxes |
| Watch | Watches | Switch | Switches |
| Ass | Asses | Canvas | Canvases |
| Fix | Fixes | Class | Classes |
| Church | Churches | Quiz | Quizes |
| Tax | Taxes | Dish | Dishes |
| Box | Boxes | Coach | Coaches |

➢ इसके कुछ Exceptions भी हैं। जैसे:

| Singular | Plural | Singular | Plural |
|---|---|---|---|
| Stomach | Stomachs | Radius | Radii |
| Locus | Loci | Ox | Oxen |

**RULE 3**

➢ कुछ Noun के अन्त में **'o'** आता है एवं उससे **पूर्व** कोई **व्यंजन (consonant) हो** तो, उसका Plural बनाने के लिए **Noun के अन्त में 'es'** लगाते हैं। जैसे:

| Singular | Plural | Singular | Plural |
|---|---|---|---|
| Hero | Heroes | Potato | Potatoes |
| Mosquito | Mosquitoes | Mango | Mangoes |
| Cargo | Cargoes | Echo | Echoes |

➢ इससे कुछ Exceptions भी हैं। जैसे:

| Singular | Plural | Singular | Plural |
|---|---|---|---|
| Dynamo | Dynamos | Memento | Mementos |
| Ratio | Ratios | Piano | Pianos |
| Solo | Solos | Photo | Photos |

**RULE 4**

➢ यदि किसी Noun के **अन्त में double vowel** लगे हुए हों तो उसका Plural बनाने के लिए उसके **अन्त में s** लगा दिया जाता है जैसे:

| Singular | Plural | Singular | Plural |
|---|---|---|---|
| Bee | Bees | Tree | Trees |
| Zoo | Zoos | Radio | Radios |
| Woe | Woes | Portfolio | Portfolios |

**RULE 5**

➢ यदि Noun के **अन्त में 'y'** आये एवं **'y' से पूर्व** कोई **व्यंजन( consonant)** आता है तो **'y' की जगह 'ies'** लगाने से उसका plural बन जाता है। जैसे:

| Singular | Plural | Singular | Plural |
|---|---|---|---|
| Cry | cries | Country | countries |
| Family | families | Pony | ponies |
| City | cities | Dictionary | dictionaries |
| Lorry | lorries | Reply | replies |

**RULE 6**

➢ यदि Noun के **अन्त में 'y'** आये एवं **'y' से पूर्व** कोई **Vowel** आता हो तो **'s'** लगाने से उसका **Plural** बन जाता है। जैसे:

| Singular | Plural | Singular | Plural |
|---|---|---|---|
| Key | Keys | Donkey | Donkeys |
| Ray | Rays | Monkey | Monkeys |
| Way | Ways | Valley | Valleys |
| Toy | Toys | Storey | Storeys |

**RULE 7**

➢ यदि Noun के अन्त में **'f'** या **'fe'** आये तो **Plural** बनाने के लिए **'f'** या **'fe'** को हटाकर **'ves'** लगाते हैं। जैसे:

| Singular | Plural | Singular | Plural |
|---|---|---|---|
| Calf | Calves | Half | Halves |
| Wife | Wives | Thief | Thieves |
| Wolf | Wolves | Life | Lives |
| Leaf | Leaves | Knife | Knives |
| Shelf | Shelves | Loaf | Loaves |

➢ इसके कुछ Exceptions भी हैं। जैसे:

| Singular | Plural | Singular | Plural |
|---|---|---|---|
| Belief | Beliefs | Chief | Chiefs |
| Cliff | Cliffs | Dwarf | Dwarfs |
| Grief | Griefs | Gulf | Gulfs |
| Proof | Proofs | Roof | Roofs |
| Safe | Safes | Scarf | Scarfs |
| Turf | Turfs | Brief | Briefs |

**RULE 8**

➢ Compound noun में **मुख्य शब्द** के साथ **'s'** लगाने पर उसका **Plural** बन जाता है। जैसे:

| Singular | Plural |
|---|---|
| Brother-in-law | Brothers-in-law |
| Bed-room | Bed-rooms |
| Commander-in-chief | Commanders-in-chief |
| Step-daughter | Step-daughters |
| Maid-servant | Maid-servants |
| Pea-hen | Pea-hens |
| Peacock | Peacocks |
| Mother-in-law | Mothers-in-law |
| Sister-in-law | Sisters-in-law |
| Member of Parliament | Members of Parliament |
| Man hater | Man haters |
| Woman lover | Woman lovers |
| Man lover | Man lovers |

**RULE 9**

➢ निम्न Nouns ऐसे हैं जिनका **Plural** बनाने के लिए **Inside Vowels** में **परिवर्तन** करते हैं।

| Singular | Plural | Singular | Plural |
|---|---|---|---|
| Man | Men | Woman | Women |
| Foot | Feet | Tooth | Teeth |
| Mouse | Mice | Louse (जूं) | Lice |
| Goose | Geese | Oasis | Oases |

**RULE 10**

➢ निम्नलिखित Nouns ऐसे हैं जिनका Plural बनाने के लिए **'en' जोड़ते** हैं। जैसे:

| **Singular** | **Plural** | **Singular** | **Plural** |
|---|---|---|---|
| Child | Children | Ox | Oxen |

**RULE 11**

➢ कुछ Nouns के दो तरह के Plural बनते हैं जिनका अर्थ भी अलग होता है। जैसे:

**(1)** **Brother**
- **Brothers** - Sons of the same parents.
- **Brethren** - Members of a society, community or a religious group.

**(2)** **Cloth**
- **Cloths** - Unstitched cloth.
- **Clothes** - Stitched clothes (Garments)

**(3)** **Die**
- **Dies** - Stamps used for printing and coining.
- **Dice** - Small cubes used in games.

**(4)** **Index**
- **Indexes** - tables of contents in a book.
- **Indices** - Signs used in algebra.

**SOME TYPICAL PLURAL NOUNS (NUMBER)**

**(A)** **Latin words**: Latin के कुछ शब्द, जिनके **अन्त में 'um'** आता है, **एकवचन** होते हैं। इनको Plural बनाने के लिए **'um' हटाकर 'a'** लगाया जाता है। जैसे:

| **Singular** | **Plural** |
|---|---|
| Datum | Data |
| Ovum | Ova |
| Agendum | Agenda |
| Dictum | Dicta |
| Memorandum | Memoranda |
| Stratum | Strata |

**IMPORTANT**

➢ **Latin** के निम्न शब्दों पर ध्यान दें: इन शब्दों के पीछे **'um'** आता है, लेकिन इनके **Plural** बनाने हेतु **पीछे 's'** लगाया जाता है।

| **Singular** | **Plural** |
|---|---|
| Asylum | Asylums |
| Museum | Museums |
| Premium | Premiums |
| Forum | Forums |
| Pendulum | Pendulums |

**(B)** कुछ **Latin words** के अन्त में **'us'** आता है। इनका Plural **'us' को 'i'** के बदलकर बनाया जाता है। जैसे:

| **Singular** | **Plural** | **Singular** | **Plural** |
|---|---|---|---|
| Radius | radii | Syllabus | syllabi |

**(C)** कुछ **Greek** शब्दों के अन्त में **'is'** आता है इनका Plural **'is' को 'es'** में बदलकर बनाया जाता है।

| **Singular** | **Plural** |
|---|---|
| Analysis | Analyses |
| Crisis | Crises |
| Hypothesis | Hypotheses |
| Basis | Bases |
| Thesis | Theses |

**(D)** कुछ **Greek** शब्दों के अन्त में **'on'** आता है इनका Plural **'on' को 'a' में बदलने** से बनता है। जैसे:

| **Singular** | **Plural** |
|---|---|
| Phenomenon | Phenomena |
| Criterion | criteria |

**(E)** अन्य कई **Nouns** के **Plural निम्न प्रकार** बनते हैं:

| **Singular** | **Plural** | **Singular** | **Plural** |
|---|---|---|---|
| If | Ifs | I | I's |
| 5 | 5s | P | P's |
| BA | BAs | ATM | ATMs |
| But | Buts | T | T's |
| 10 | 10s | MP | MPs |
| MA | MAs | UPC | UPCs |

**(F)** कुछ Nouns के **Singular** एवं, **Plural forms** के **अर्थ पूर्णतया** अलग होते है, अत: इनका **प्रयोग सावधानीपूर्वक करना** चाहिए।

जैसे:

| **Singular** | **Meaning** | **Plural** | **Meaning** |
|---|---|---|---|
| Air | (हवा) | Airs | (दिखावटी व्यवहार) |
| Return | (वापसी) | Returns | (आय का हिसाब) |
| Iron | (लोहा) | Irons | (जंजीरें) |
| Sand | (रेत) | Sands | (रेगिस्तान) |
| Wood | (लकड़ी) | Woods | (जंगल) |
| Abuse | (दुरुपयोग) | Abuses | (कुरीतियाँ) |
| Good(adj) | (अच्छा) | Goods | (सामान) |
| Water | (पानी) | Waters | (समुद्र) |
| Work | (काम) | Works | (साहित्य लेख) |
| Fruit | (फल जैसे सेब इत्यादि) | Fruits | (नतीजा (मेहनत इत्याद का)) |
| Wit | (वाक्पटुता) | Wits | (बुद्धिमता) |

**(G)** कुछ **Nouns का Singular form में एक अर्थ** होता है परन्तु **Plural Form में एक से अधिक**।

| **Singular** | **Meaning** | **Plural** | **Meaning** |
|---|---|---|---|
| Custom | रिवाज़ | Customs | रिवाज़, सीमा शुल्क |
| Manner | तरीका | Manners | तरीके, शिष्टाचार |
| Pain | दर्द | Pains | दर्द ,अथक प्रयास |
| Quarter | एक-चौथाई | Quarters | एक-चौथाई, आवास |
| Letter | अक्षर, चिट्ठी | Letters | अक्षर, चिट्ठी, साहित्य |

## NOUN ds lkFk OF/ APOSTROPHE dk iz;ksx

**(A)** **Apostrophe** का प्रयोग **Possessive case** के लिए निम्न स्थिति में करना ही उचित है। जैसे:

(1) **जीवित वस्तु**

जैसे: (a) Mohan's book (b) a cow's horn (c) a woman's purse

(2) **जब किसी निर्जिव का मानवीयकरण (Personification) किया जाए।**

जैसे: (a) Sun's fury (b) Nature's love

(3) **समय, भार एवं जगह संबंधित Nouns के साथ।**

जैसे: (a) a day's leave. (b) arm's length. (c) a pound's weight.

(4) **कुछ सम्मानजनक Nouns के साथ।**

जैसे: (a) court's orders (b) at duty's call

(5) **कुछ Phrases के साथ।**

जैसे: (a) at one's wit's end. (b) at a stone's throw

(6) **भौगोलिक पिण्ड के साथ**

जैसे: (a) Earth's atmosphere.

**(B)** **यदि Plural शब्द का अन्तिम अक्षर 's' है तो apostrophe का प्रयोग करते समय 's' नहीं लगाते हैं, केवल apostrophe ( ' ) का ही प्रयोग करते हैं।**

जैसे: (a) Boys' college (b) Girls' school (c) Working women's hostel

**(C)** जब Noun **सिस्कार ध्वनि (hissing sound)** से खत्म हो में भी **'s' नहीं** लगता है।

for peace' sake, for conscience' sake, for goodness' sake, for Jesus' sake, Ganesh' book.

*नोट:* God's sake.

**(D)** **Possessive Pronoun ( his, hers, yours, ours, theirs) के साथ apostrophe नहीं** लगाते हैं।

जैसे: Yours faithfully, Yours truly.

**(E)** निम्न **titles के साथ apostrophe अन्तिम शब्द के साथ** ही लगाते हैं।

जैसे: (a) **Commander-in-chief's** orders.

(b) My **son-in-law's** sister.

**(F)** निर्जीव वस्तु के साथ **'s** का प्रयोग नहीं करते है **'Of'** का प्रयोग करते है।

जैसे: **Table's leg** के स्थान पर **Leg of table** का प्रयोग करें।

**(G)** **'Double apostrophe'** का प्रयोग न करें

जैसे: (a) My wife's secretary's mother has expired. (×)

इसकी जगह हमें लिखना चाहिये।

The mother of my **wife's secretary** has expired.

(b) Mrs. Sharma the society's chairman's proposal was rejected by the members of the society. (×)

The proposal of Mrs. Sharma, the chairperson of society, was rejected by the members of the society. (✓)

**(H)** **anybody/ Nobody/ Everybody/ Somebody/ Anyone/Someone/No one/Everyone के साथ 's का प्रयोग** किया जा सकता है।

जैसे: (a) **Everyone's** concern is no one's concern.

(b) **Everybody's** business is nobody's business.

➢ यदि इनके बाद *else* का प्रयोग हो तो ***apostrophe* को *else* के साथ लगाते** हैं

जैसे: (a) I can rely on your words, not **somebody else's.**

(b) I obey your orders and **nobody else's.**

(यहाँ Somebody's else या Nobody's else लिखना गलत होगा।)

## SPOTTING THE ERROR

1. (a) My sister / (b) has read / (c) pages after pages of the Bible./ (d) No error
2. (a) I went to the temple / (b) with my parents, aunts / (c) and cousin sisters. / (d) No error
3. (a) He / (b) takes pain / (c) over his work./ (d) No error
4. (a) The Manager put forward / (b) a number of criterions / (c) for the post./ (d) No error
5. (a) I like / (b) the poetries / (c) of Byron and Shelley./ (d) No error

6. (a) The beautiful / (b) surrounding of the place / (c) enchanted me./ (d) No error
7. (a) No Porter being available/ (b) he carried / (c) all his luggages himself./ (d) No error
8. (a) The table's legs / (b) have been / (c) elaborately carved./ (d) No error
9. (a) The sceneries / (b) of Kashmir / (c) is very charming./ (d) No error
10. (a) The driver showed / (b) great talent in keeping / (c) the damaged car under control./ (d) No error
11. (a) When I entered the bedroom / (b) I saw a snake crawling / (c) on the ground./ (d) No error
12. (a) Alms / (b) are given/ (c) to the poors./ (d) No error
13. (a) Lasers are / (b) indispensable tools / (c) for the delicate eyes surgery./ (d) No error
14. (a) If you have a way with words / (b) a good sense of design and administration ability / (c) you may enjoy working in high pressure world of advertising./ (d) No error
15. (a) Last week's sharp hike in the wholesale price of beef / (b) is a strong indication for / (c) higher meat costs to come./ (d) No error
16. (a) Whenever he goes to Mumbai / (b) he stays in/ (c) five-stars hotels./ (d) No error
17. (a) The company has ordered / (b) some / (c) new equipments./ (d) No error
18. (a) A strong breeze / (b) blew his / (c) cap off./ (d) No error.
19. (a) One of her firmest belief among the Hindus is that/ (b) Karma affects their / (c) life and also the life after death./ (d) No error
20. (a) He was advised to take/ (b) two spoonsful of / (c) medicine times a day./ (d) No error
21. (a) It is a big blunder/(b) but we had /(c) to ignore it/(d)No error
22. (A) The police have received / (b) two important informations / (c) that can help them solve the triple murder case (E) No error
23. (a) The sheafs / (b) of the wheat plants were too heavy / (c) for the weak farmer to carry them on his head./ (d) No error
24. (a) The population of India /(b) is divided into two classes- / (c) Haves and Haves not./ (d) No error
25. (a) All his sister-in laws /(b) are extremely co- operative / (c) and she doesn't miss her real sisters at all./ (d) No error
26. (a) Envy strikes a woman / (b)when she sees her husband / (c) talking to another woman./ (d) No error
27. (a) Two summons have been issued by the court / (b) but he has not / (c) yet appeared before the court./ (d) No error
28. (a) The Vaidya's / (b) have been living here / (c) for about a decade./ (d) No error.
29. (a) You are among those/ (b) man who earned name and fame not by / (c) chance but by hard work ./ (d) No error
30. (a) Children are playing / (b) and making mischiefs/ (c) as their holidays have started./ (d) No error.

31. (a) Sheeps are economically useful/ (b) and so they are reared/ (c) for wool and meat./ (d) No error.
32. (a) I read the letter/ (b) and made him aware/ (c) of its content./ (d) No error.
33. (a) I shall not go to party tonight/ (b) since I have many works to complete/ (c) before I give presentation tomorrow./ (d) No error.
34. (a) One must be always/ (b) true to one's words/ (c) if one wants to get respect from everyone./ (d) No error.
35. (a) Even after the enactment of several Acts and Provisions /(b) we can see five years old boys/ (c) working in hazardous factories./ (d) No error.
36. (a) The fan's blade / (b) has broken/ (c) and we must buy a new fan before disposing it of./ (d) No error.
37. (a) She wears spectacle/ (b) and so she was unable to see the gansgter/ (c) that attacked her last night./ (d) No error.
38. (a) All the furnitures have been/ (b) sold for a song/ (c) as we were in a hurry to leave the town./ (d) No error.
39. (a) The angry mob/ (b) attacked the police officers/ (c) when they came to raze the illegal construction./ (d) No error.
40. (a) They left/ (b) their luggages/ (c) at home by mistake and went to the railway station./ (d) No error.
41. (a) The car could not/ (b) ascend the steep hill/ (c) because it was in the wrong gears./ (d) No error.
42. (a) The ticket window/ (b) remained closed / (c)throughout the day./ (d) No error.
43. (a) Satyajit Ray, who conceived, co-authored / (b) and directed a number of good films, was/ (c) one of India's most talented film maker./ (d) No error.
44. (a) I think this/ (b) is not your book. / (c) It is some body's else./ (d) No error.
45. (a) You should not put/ (b) your sign on any paper / (c) that you haven't read./ (d) No error.
46. (a) Towns after towns were/ (b) conquered / (c) by him but he found no peace./ (d) No error.
47. (a) When we reached the fair/ (b) we found that there / (c) was no place to stand./ (d) No error.
48. (a) All the evidences were/ (b) against him and he was / (c) held guilty./ (d) No error.
49. (a) My cousin brother is a cheater/ (b) and he / (c) cheats his family members and friends too./ (d) No error.
50. (a) The committee/ (b) could not come to/ (c) a final conclusion./ (d) No error.
51. (a) The cattle in the meadow/ (b) was terrified to hear/ (c) the roar of a lion which appeared to be wild with anger./ (d) No error.
52. (a) There should be/ (b) no furnitures/ (c) in my room./ (d) No error.
53. (a) That house/ (b) is built of/ (c) stones./ (d) No error.
54. (a) Santosh lives/ (b) by the principals/ (c) he professes./ (d) No error.
55. (a) The astronomer/ (b) who predicts the future/ (c) has arrived./ (d) No error.
56. (a) He told me that/ (b) it was/ (c) his friend's Sankar's house./ (d) No error.

## Answers with explanation

1. (c) 'Page after page' का प्रयोग सही होगा। अगर किसी preposition के पहले और के बाद same noun का प्रयोग होता है तो noun का प्रयोग 'singular form' में करें।
2. (c) 'Cousin sisters' कहना गलत होता है। Cousins का प्रयोग करें।
3. (b) takes pains का प्रयोग करें। इस phrase का अर्थ है 'काफी प्रयास करना'।
4. (b) 'Criterion' का plural form 'Criteria' है।
5. (b) 'Poetry' uncountable noun है। इसका बहुवचन नहीं बनाया जा सकता।
6. (b) 'Surroundings' का प्रयोग करें जिसका अर्थ है आस-पास की जगह। 'Surrounding' surround (verb) का 'ing' form है।
7. (c) 'Luggage' का प्रयोग करें। 'Luggage' uncountable noun है और इसका कोई plural form नहीं है।
8. (a) table's legs के स्थान पर 'Legs of table' का प्रयोग करें। सामान्यत: निर्जीव वस्तु के साथ s का प्रयोग नहीं होता।
9. (a) 'Scenery' का प्रयोग करें। 'Scenery' uncountable noun है।
10. (b) 'talent' के स्थान पर 'skill' का प्रयोग करें। Talent का अर्थ है natural ability to do something. 'Skill' का अर्थ है 'type of activity that requires special training and knowledge'.Driving skill का प्रयोग सही होता है।
11. (c) Ground का अर्थ है 'मकान के बाहर की धरती का उपरी सतह'। Ground के स्थान पर 'floor' का प्रयोग करें। floor का अर्थ 'मकान के अंदर का फर्श' होता है।
12. (c) 'the poors' के स्थान पर 'the poor' का प्रयोग करें। 'The poor' का अर्थ है गरीब वर्ग। 'Poor' adjective है। इस में 's' का प्रयोग न करें। 'The poor' plural common noun है।
13. (c) 'eyes surgery' के स्थान पर 'eye surgery' का प्रयोग करें। 'Eyes' noun है परन्तु यहाँ 'eyes' surgery की विशेषता बता रहा है एवं adjective का कार्य कर रहा है। अगर noun adjective का कार्य करें तो वह singular form में होता है। अत: 'eyes' नहीं 'eye' का प्रयोग होगा।
14. (b) 'administration' noun है। यहाँ हमें 'ability' की विशेषता बताने वाले 'adjective' का प्रयोग करना चाहिए। administration का adjective form 'administrative' का प्रयोग करें।
15. (c) 'Costs' के स्थान पर 'Cost' का प्रयोग करें। Noun के रूप में 'Cost' uncountable noun है और इसका बहुवचन नहीं हो सकता।
16. (c) 'five-stars' hyphenated noun है जो कभी भी plural form में नहीं होता। 'five star' का प्रयोग करें।
17. (c) 'Equipment' uncountable noun है जिसका plural form नहीं होता।
18. (a) 'breeze' हमेशा gentle होता है। तेज़ हवा के लिए 'Strong wind' शब्द का प्रयोग करे।
19. (a) 'One of the' के बाद आने वाला 'noun plural form में होता है। अत: 'One of the firmest beliefs' का प्रयोग करें।
20. (b) 'Spoonsful' नहीं 'Spoonfuls' का प्रयोग करें।

21. (a) 'blunder' का अर्थ होता है 'big mistake.' अत: blunder के साथ 'big' का प्रयोग गलत होगा।
22. (b) 'Information' uncountable noun है। इसका plural बनाने के लिए 'pieces of information' का प्रयोग करें।
23. (a) 'Sheaf' का plural form 'Sheaves' होता है न कि 'Sheafs'।
24. (c) 'Have nots' का प्रयोग करें जिसका अर्थ होता है रहित वर्ग।
25. (a) 'Sisters-in-law' का प्रयोग करें। 'Sister-in-law' का बहुवचन 'Sisters-in-law' होता है।
26. (a) जो हमारा है और उसे खाने के डर से हमें ईर्ष्या होती है तो Jealousy का प्रयोग किया जाता है। जब उस वस्तु के लिए ईर्ष्या हो जो हमारा नहीं तो envy का प्रयोग किया जाता है।
27. (a) 'Summons' एक Countable noun है और Singular है। इसका plural summonses होता है। अत: 'two summonses' का प्रयोग करें।
28. (a) Vaidyas का प्रयोग करें। apostrophe (') हटा दें।
29. (b) 'men' का प्रयोग होगा। 'Those' के साथ plural countable noun का प्रयोग होगा।
30. (b) 'Mischief' uncountable noun है। इसका plural form नहीं हो सकता है।
31. (a) 'Sheep' का singular तथा plural form 'sheep' ही होता है। 'Sheeps' के स्थान पर Sheep का प्रयोग करें।
32. (c) Content के स्थान पर 'Contents' का प्रयोग करें। 'Contents' का अर्थ है 'things contained in something'.
33. (b) 'work' uncountable noun है। 'Many pieces of work' का प्रयोग करें।
34. (b) 'true to one's word' का प्रयोग करें जिसका अर्थ होता है 'जुबान का पक्का'।
35. (b) 'five year old boys' का प्रयोग करें। यहाँ five year adjective का कार्य कर रहा है। अत: यह plural form में नहीं होगा।
36. (a) fan निर्जीव है। अत: 's' का प्रयोग 'fan' के साथ न करें। 'The blade of fan' का प्रयोग करना सही होगा।
37. (a) 'Spectacles' का प्रयोग करें।
38. (a) 'furniture' का प्रयोग करें। साथ ही ध्यान रखें कि 'furniture' singular noun है अत: singular verb 'has' का प्रयोग होगा।
39. (a) 'angry mob का प्रयोग गलत है। 'Mob' का प्रयोग करें। क्योंकि Mob का अर्थ होता है- उग्र भीड़। Angry के साथ mob का प्रयोग superfluous होगा।
40. (b) 'luggage' का प्रयोग luggages के स्थान पर करें।
41. (c) 'wrong gear' का प्रयोग करें। Car एक समय में एक ही gear में हो सकती है।
42. (a) 'ticket window' के स्थान पर 'ticket counter' का प्रयोग करें।
43. (c) 'One of' के बाद आने वाला noun plural form में होना चाहिए। अत: 'One of' के साथ 'film makers' होगा न कि 'film maker'
44. (c) 'Somebody else's' सही प्रयोग है।
45. (b) 'Sign' verb है। your के बाद noun का प्रयोग होगा यानि signature का
46. (a) 'Town after town' का प्रयोग करें। अगर किसी preposition के पहले और बाद में same noun का प्रयोग हो तो noun singular form में होना चाहिए।

47. (c) 'no place' के स्थान पर 'no room' का प्रयोग करें। 'Room' का noun के अर्थ 'enough empty space for people or things to be fitted in' भी होता है।
48. (a) 'evidence' uncountable noun है अत: इसका कोई plural form (evidences) नहीं हो सकता। साथ ही singular verb 'was' का प्रयोग करें।
49. (a) 'Cousin brother' एवं 'Cheater' दोनों ही ऐसे nouns है जो लोग बोल-चाल की भाषा में अक्सर प्रयोग करते है परन्तु ऐसा करना गलत होता है। Cousin एवं Cheat का प्रयोग करें।
50. (c) 'final' शब्द हटा दें। Conclusion सदा final होता है।
51. (b) 'Cattle' plural noun है। अत: 'was' नहीं 'were' का प्रयोग करें।
52. (b) 'furniture' के साथ 's' का प्रयोग नहीं हो सकता है।
53. (c) 'stones' को 'stone' में परिवर्तित करें। यहाँ 'Stone' से हमारा तात्पर्य उस material से है जिससे house का निर्माण हुआ है।
54. (b) 'principals' (प्रधानाचार्य) को 'principles' (सिद्धान्त) में परिवर्तित करें।
55. (a) 'Astronomer' को 'astrologer' में परिवर्तित करें। 'furure predict' करने वाले को 'astrologer कहते हैं।
56. (c) 'friend's' को 'friend' में परिवर्तित करें। एक साथ 'double apostrophe' का प्रयोग नहीं होता है।